हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 जय अंबे रक्तदान समिति के रक्त वीरों को...



07 अपनी मांगो को लेकर शिक्षकों ने दिया धरना...



खबर संक्षेप

घर-घर पहुंचकर जल गुणवत्ता जांच रहे अमृत मित्र

सागर। नगर निगम सागर द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत शहरवासियों को स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से घर-घर जल गुणवत्ता परीक्षण कराया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत अमृत मित्र विभिन्न वार्डों में पहुंचकर पानी के नमूने लेकर उनकी प्राथमिक जांच कर रहे हैं। 17 सितंबर से शुरू हुए इस अभियान में अब तक 500 से अधिक घरों में जल गुणवत्ता परीक्षण किया जा चुका है। अमृत मित्रों द्वारा मौके पर पानी में अवशिष्ट क्लोरीन, टीडीएस, पीएच, पारदर्शिता और दुर्गंध की जांच की जा रही है। इसके माध्यम से नागरिकों को उनके घरों में उपलब्ध पेयजल की गुणवत्ता के संबंध में प्राथमिक जानकारी दी जा रही है। अभियान में 8 स्व-सहायता समूहों की महिलाएं अमृत मित्र के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। ये महिलाएं विभिन्न वार्डों में घर-घर पहुंचकर जल परीक्षण करने के साथ ही नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल के महत्व के प्रति जागरूक कर रही हैं। नगर निगम द्वारा नागरिकों से पानी का सदुपयोग करने और अनावश्यक रूप से पानी बर्बाद नहीं करने की अपील की गई है। निगम ने लोगों से नल आवश्यकता न होने पर बंद रखने, जल रिसाव की जानकारी तत्काल संबंधित विभाग को देने तथा घरेलू कार्यों में पानी का बचत पूर्वक उपयोग करने का आग्रह किया है। निगम के अनुसार, जल संरक्षण केवल वर्तमान की आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की जिम्मेदारी भी है।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने दिलाई सत्य, अहिंसा और स्वच्छता की शपथ

सागर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जन्म जयंती के पावन अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर प्रतिभा पाल ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और नैतिक मूल्यों का पालन करने की शपथ दिलाई। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि महान महापुरुषों के आदर्शों को केवल याद न रखें, बल्कि उन्हें अपने दैनिक जीवन में अपनाएं। उन्होंने कहा, हमें अपने घर के साथ-साथ कार्यालय और परिसर को स्वच्छ रखना चाहिए तथा एक स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना चाहिए। शपथ ग्रहण के दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने सत्य के मार्ग पर चलने, ईमानदारी, नैतिक मूल्यों तथा अहिंसा के सिद्धांतों को अपने आचरण में ढालने का संकल्प लिया। साथ ही, किसी भी व्यक्ति के प्रति हिंसा, द्वेष एवं वैमनस्य की भावना न रखते हुए सभी धर्मों, वर्गों और समुदायों के प्रति सम्मान, सद्भावना और भाईचारा बनाए रखने की बात कही गई।

स्वच्छता कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण

सागर। डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्व विद्यालय, सागर में स्वच्छता सेवा संकल्प एवं विशेष स्वच्छता अभियान 6.0 के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र में विश्वविद्यालय के स्वच्छता कर्मियों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 65 स्वच्छता कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा सभी ने निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श एवं स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।शिविर के संयोजक डॉ. भूपेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान कर्मचारियों की रक्तचाप, रक्त शर्करा, लिपिड प्रोफाइल, डेंगू एवं मलेरिया सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें की गईं। परीक्षण के दौरान 13 कर्मचारियों में उच्च रक्तचाप, 16 कर्मचारियों में मधुमेह तथा 12 कर्मचारियों में हृदय संबंधी असामान्यताएं पाई गईं।

सांसद, महापौर, कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों ने लगाई झाड़ू, दिलाई स्वच्छता की शपथ

स्वच्छ भारत दिवस पर 48 वार्डों में चला सफाई अभियान, सफाई मित्रों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती पर शुक्रवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छ भारत दिवस मनाया गया। नगर के सभी 48 वार्डों में जनप्रतिनिधियों, नागरिकों और सफाई मित्रों ने विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। डॉ. हरिसिंह गौर बस स्टैंड परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सांसद लता वानखेड़े, महापौर संगीता सुशील तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, कलेक्टर प्रतिभा पाल, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार और निगमायुक्त राजकुमार खत्री सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल हुए। अतिथियों ने बस स्टैंड से दीनदयाल चौक तक झाड़ू लगाकर सफाई की और एकत्र कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में डलवाया।

सांसद लता वानखेड़े ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस दौरान 'नमो सेवा अनकही कहानियां' नुक्कड़ नाटक का मंचन भी हुआ। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने अतिथियों का तुलसी पौधा भेंट कर स्वागत किया।

सफाई मित्रों का किया सम्मान

कार्यक्रम में सफाई मित्रों को प्रमाण-पत्र एवं स्वच्छता सामग्री किट वितरित कर सम्मानित किया गया। सांसद वानखेड़े ने कहा कि शहर की स्वच्छता और सुंदरता में सफाई मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सफाई मित्रों से अपने स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का ध्यान रखने तथा बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया।महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि सफाई मित्रों का सम्मान पूरे सागर शहर का सम्मान है। निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने कहा कि सफाई मित्रों के समर्पण से शहर स्वच्छ और सुंदर बन रहा है। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने सफाई मित्रों को शहर की स्वच्छता की रीढ़ बताते हुए उत्कृष्ट कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वच्छता का संकल्प लेते हुए 'स्वच्छता में सागर नंबर-1 बनेगा' का संदेश दिया।

कार्यक्रम में सांसद लता वानखेड़े, महापौर संगीता सुशील तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, कलेक्टर प्रतिभा पाल, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट रिशांक तिवारी, एल्डरमैन आशालता सिलाकारी, एमआईसी सदस्य संगीता शैलेष जैन एवं धर्मेंद्र गुड्डा खटीक, पार्षद रूबी कृष्ण कुमार पटेल, मनीष चौबे, विक्रम सोनी एवं विशाल खटीक सहित अन्य जनप्रतिनिधि, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



सीबीएसई एथलेटिक्स में अंजी का जलवा, दो स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई

400 और 800 मीटर दौड़ में हासिल किया पहला स्थान, 15 अक्टूबर से पटियाला में होगी राष्ट्रीय प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सीबीएसई एथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता में ग्रेटमैन इंटरनेशनल स्कूल, सागर की प्रतिभावान छात्रा अंजी अहिरवार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। भोपाल के कोपल पब्लिक स्कूल में 1 से 4 अक्टूबर तक आयोजित हो रही प्रतियोगिता में अंजी ने 400 मीटर और 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय के साथ सागर का नाम भी गौरवान्वित किया।

अंजी ने दोनों स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा और दमखम का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए। उनके इस प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन आगामी सीबीएसई राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 20 अक्टूबर 2026 तक पटियाला, पंजाब में किया जाएगा।

राष्ट्रीय स्तर पर पदक की उम्मीद

क्लस्टर प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीतने के बाद अब अंजी की नजर राष्ट्रीय प्रतियोगिता पर है। विद्यालय प्रबंधन को उम्मीद है कि वह राष्ट्रीय स्तर पर भी अपने प्रदर्शन को दोहराते हुए सागर और विद्यालय का गौरव बढ़ाएंगी। प्रतियोगिता के दौरान सीबीएसई ऑब्जर्वर जॉन्सी कोसी एवं ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी कपिल केवट ने अंजी अहिरवार को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी और राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। अंजी की इस उपलब्धि पर ग्रेटमैन इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि अंजी की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायी है और उन्हें विश्वास है कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी वह शानदार प्रदर्शन करेंगी।



पितृ पक्ष में कतकया घाट परिसर में पितरों के नाम रोपे 51 पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

पूर्वजों की स्मृति के पावन पर्व पितृ पक्ष में ताम्रकार समाज संगठन एवं सहस्त्र अर्जुन गुरप द्वारा स्थानीय कतकया घाट मंदिर परिसर में पितरों की स्मृति में 51 पौधे रोपकर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया गया।

विगत रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में ताम्रकार समाज संगठन और सहस्त्र अर्जुन ग्रुप देवरी के सदस्य सुभाष वार्ड स्थित कतकया घाट पहुँचे और मंदरि परिसर में सुखचौन नदी के तट पर वृक्षारोपण किया गया। समिति सदस्यों ने बताया कि पितृ पक्ष पितरों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का महान पर्व है जो हमें हमारी हमारी संस्कृति, वंश बेल और परिवार के प्रति संवेदनाओं को जीवित रखने के साथ ही बुजुर्गो और समाज के प्रति उत्तरदायित्व के सरोकार से जोड़ता है। उन्होने बताया कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूकता आवश्यक है, हम सभी को स्वच्छ परिवेश हमारे बुजुर्गो से मिला है जिसे अक्षुण्ण बनाये रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। इसी के प्रत को समाज जागरूक बनाने के लिए उनके द्वारा पौधे रोपकर प्रकृति को हरा भरा बनाने का प्रयास किया गया है।

इस अवसर पर देवरी ताम्रकार समाज के संरक्षक राजकुमार ताम्रकार सागर अभिनव ताम्रकार भोपाल अध्यक्ष दीपक ताम्रकार, कन्हैयालाल ताम्रकार, मनीष ताम्रकार, नितिन ताम्रकार, सुभाष ताम्रकार, आनंद ताम्रकार, डॉ अजय ताम्रकार, सुधीर ताम्रकार, प्रदुम ताम्रकार, दयाशंकर ताम्रकार, लखन ताम्रकार रमाकांत ताम्रकार, सौरभ ताम्रकार, मनोज माइकल ताम्रकार, संतोष ताम्रकार, सचिन छोटू ताम्रकार, राज ताम्रकार, माहिर ताम्रकार, मयंक ताम्रकार, वैभव ताम्रकार, निशु ताम्रकार, कुश ताम्रकार सहित अन्य ताम्रकार बंधु उपस्थित रहे।

बापू के जन्मदिवस पर गांधी ग्राम अनंतपुरा में कार्यक्रम आयोजित

गांधी ग्राम अनंतपुरा में प्रभात फेरी निकालकर सत्य, अहिंसा और प्रेम के संदेश का जयघोष किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ



भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महानायक राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर कांग्रेस सेवादल एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने गांधी ग्राम अनंतपुरा में प्रभात फेरी निकालकर सत्य, अहिंसा और प्रेम के संदेश का जयघोष किया। कार्यक्रम में पूर्व केबिनेट मंत्री हर्ष यादव कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र मोहासा सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की 157 वी जयंती विश्व अहिंसा दिवस के अवसर पर जिले के गांधी ग्राम अनंतपुरा में कांग्रेस द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बापू के जन्मदिवस के अवसर पर कांग्रेस सेवादल कमेटी ग्रामीण द्वारा सुबह ग्राम के मुख्य मार्गो से होकर बाजे-गाजे के साथ प्रभात फेरी निकाली गई एवं महात्मा गांधी जी के सत्य, अहिंसा, सद्भाव और स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। प्रभात फेरी के उपरांत गांधी स्मारक पर बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं जयकारे लगाये गये कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इससे पूर्व सेवादल कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) द्वारा ग्राम में ध्वाजारोहण ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सेवादल के जिला एवं स्थानीय पदाधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व केबिनेट ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के देश के लिए महान त्याग, समर्पण एवं आजादी के लिए संघर्ष का स्मरण करते हुए उनके चिंतन को विश्व जगत के लिए अमूल्य धरोहर बताया। उन्होने कहा कि वर्तमान समय में जब पूरा विश्व अलगाव एवं हिंसा के मुहाने पर ऐसे में गांधी जी के विचार शांति की स्थापना और मानवता की रक्षा के लिए आवश्यक है। उन्होने कहा कि गांधी जी के विचार और आदर्श सदैव हम सभी को सत्य, अहिंसा और जनसेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते रहेंगे।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) सागर के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह मोहासा, सेवादल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बी.डी. पटेल, संगठन महासचिव आशीष ज्योतिषी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष बाबा राजौरिया सहित भरत रजक, राजू दीक्षित, जयेश पटेल, जिनेन्द्र नायक, अंकुर नायक, कलू सरवैया, सचिन दीवान, लखन पटेल, मुकीम खान, यूनिस खान, बंदू जैन, महेन्द्र कुर्मी, ओंकार सिमरा, सचिन नामदेव, माधव रावत, भगवत कुर्मी, लखन कुर्मी, रामावतार कुर्मी, महेश सिंह, भरत करण घोसी, रहीश खान, पप्पू कुर्मी, बूचे अहिरवार, पप्पू बहेरिया, मनीष कुर्मी, नन्हा अहिरवार, रामकृष्ण घोसी, राजेश घोसी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



गांधी जयंती पर स्वच्छता का संदेश, सफाई मित्रों का सम्मान

गढ़ाकोटा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर में विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान किया गया। भाजपा पं. अभिषेक भार्गव के साथ नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। साथ ही प्रतिमा स्थल एवं महाविद्यालय परिसर में सफाई मित्रों के साथ श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। गढ़ाकोटा को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में निरंतर योगदान देने वाले सफाई मित्रों को सम्मानित भी किया गया। साथ ही गणेश घाट, सोनभद्र नदी के किनारे स्वच्छता अभियान चलाकर वृक्षारोपण किया गया। अभियान में पार्षद,एल्डरमैन एवं नगर पालिका परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वच्छ गढ़ाकोटा, सुंदर गढ़ाकोटा के संकल्प के साथ गांधी जयंती पर नगरवासियों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।



गांधी जयंती के अवसर पर सागर जेल से आजीवन कारावास के 5 बंदी रिहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

2 अक्टूबर को गांधी जयंती एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाई गई जिसमें जेल अधीक्षक रमेशचंद्र आर्य, समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा बंदीगण उपस्थित रहें। अधीक्षक द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के द्वारा भारत देश को आजाद कराने के लिए अहिंसा के माध्यम से किये गये असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन एवं भारत छोड़ों आंदोलन के विषय में कुछ महत्वपूर्ण घटनाक्रम सांझा किये गये एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के द्वारा जीवन में किये गये त्याग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सांझा की। इसी क्रम में सौरभ सिंह चौहान सहायक जेल अधीक्षक द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जीवनी के कुछ अंश सांझा किये गये। मध्यप्रदेश शासन जेल विभाग की रिहाई नीति 27 मई 2025 के अंतर्गत आजीवन से दंडित बंदियों को सजा में विशेष माफी प्रदान की जाकर गांधी जयंती के अवसर पर राज्य शासन द्वारा केन्द्रीय जेल सागर से 05 बंदियों को रिहा किया गया। जेल अधीक्षक रमेशचंद्र आर्य ने रिहा किये गये बंदियों से उन्हें पुनः अपराध नहीं करने की अपील की है, साथ ही उनसे अपेक्षा की है कि, वह जेल में परिरूद्ध रहने के दौरान जो कौशल और प्रशिक्षण अर्जित किया है, उसका उपयोग अपने परिवार के जीवकोपार्जन एवं अच्छे समाज के नव निर्माण में सहभागी बनने के लिए करेंगे।

सामाजिक संगठन रामसरोज समूह सागर के सदस्य शैलेष केशरवानी, मोनी केशरवानी एवं अन्य सदस्यों द्वारा जेल से रिहा होने वाले बंदियों को गीतगीता पुस्तक, गंगाजल की बॉटल, महाकाल लिखा हुआ मफलर प्रदान कर रिहा होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। रामसरोज समूह द्वारा बंदी गोकल पिता मोती के परिजन जेल पर लेने नहीं आने से बंदी को उसके निवास तक छोड़ने की व्यवस्था की गई।

गांधी जयंती पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों के घर पहुंचा सेवा दल

सिंटू कटारे ने शॉल-श्रीफल से किया सम्मान, गांधी विचारों को जीवन में उतारने पर वरिष्ठजनों से की आत्मीय चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



गांधी जयंती के अवसर पर शहर सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष सिंटू कटारे ने इस बार परंपरागत आयोजन से हटकर एक अनूठी पहल की। उन्होंने शहर के वरिष्ठ कांग्रेसजनों के बीच पहुंचकर उन्हें शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया और महात्मा गांधी के विचारों को केवल स्मरण करने के बजाय उन्हें अपने जीवन और समाज में उतारने को लेकर आत्मीय संवाद किया। सिंटू कटारे ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले वरिष्ठ कांग्रेसजनों से मुलाकात की। उम्र के इस पड़ाव पर भी संगठन और समाज के प्रति उनकी सक्रियता, संघर्ष और अनुभव को नमन करते हुए उनका सम्मान किया। इस दौरान गांधीजी के सत्य, अहिंसा, सादगी, स्वावलंबन और अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के विचारों पर चर्चा हुई।

इस पहल की खास बात यह रही कि सम्मान केवल मंच तक सीमित नहीं रहा। सेवा दल अध्यक्ष स्वयं वरिष्ठ कांग्रेसजनों के बीच पहुंचे और उनके अनुभव सुने। कई वरिष्ठजनों ने अपने राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि गांधीजी के विचार किसी एक दिन को याद करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे सार्वजनिक जीवन में आचरण की कसौटी हैं। कटारे ने कहा कि गांधी जयंती पर गांधीजी को याद करने का सबसे सार्थक तरीका यही है कि उनके विचारों को अपने व्यवहार में उतारा जाए। वरिष्ठ कांग्रेसजन हमारे लिए केवल संगठन की पुरानी पीढ़ी नहीं, बल्कि संघर्ष, त्याग और विचारों की जीवंत पाठशाला हैं। उनके अनुभवों से नई पीढ़ी को सीखने की जरूरत है।

वरिष्ठ कांग्रेसजनों के बीच पहुंचकर सम्मान करने की इस पहल ने गांधी जयंती के कार्यक्रम को आत्मीयता का रूप दिया। कहीं शॉल और श्रीफल से सम्मान हुआ तो कहीं पुराने संघर्षों की यादें ताजा हुईं। वरिष्ठों और युवाओं के बीच संवाद का यह सिलसिला गांधीजी के उस विचार को भी सामने लाता दिखा, जिसमें सेवा और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना सार्वजनिक जीवन का मूल उद्देश्य माना गया है।

गांधी जयंती पर सेवा दल की यह पहल संदेश दे गई कि विचारों को माल्यार्पण से नहीं, बल्कि व्यवहार में उतारकर ही जीवित रखा जा सकता है।

गांधी प्रतिमा पर वरिष्ठ कांग्रेसी पंकज सिंघई ने इस मौके पर कहा कि भगवान महावीर के अमर सिद्धात जियो और जीने दो का अनुसरण करने वाले पूज्य महात्मा गांधी के सत्य अहिंसा के देश में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार में राममंदिर का चंदाचोरी व वोटचोरी कर लोकतंत्र की आत्मा पर कुठाराघात किया है।

इस अवसर पर सेवादल प्रदेश महासचिव विजय साहू, जितेंद्र रोहण, अवधेश तोमर ने भी अपने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी पर अपने विचार रखे।

वरिष्ठ कांग्रेसी जिनके योगदान को याद कर सेवादल परिवार ने सम्मानित किया जिसमें स्व. विठ्ठल भाई पटेल के परिजन, संतोष पांडे, भोलेश्वर तिवारी, एड.चतुर्भुज सिंह राजपूत, जितेन्द्र सिंह चावला सम्मिलित रहे।

कार्यक्रम में आनंद तोमर, शैलेन्द्र तोमर, हरिश्चन्द्र सोनवार, नितिन पचौरी,जगदीश दुबे, द्वारका चौधरी, कल्लू पटेल, अंकुर यादव, परख शुक्ला, पवन घोषी, दिग्विजय सिंह राजपूत, असद खान, लल्ला यादव, प्रवीण यादव, मुकुल अग्निहोत्री, अन्नू घोषी आदि जन उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

दरवाजे पर बैठे व्यक्ति से गाली-गलौज के बाद मारपीट

ललितपुर। थाना पूराकलां क्षेत्र के ग्राम चौबारा में घर के दरवाजे पर बैठे व्यक्ति के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि मोहल्ले का एक व्यक्ति बिना किसी वजह के उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर लात-घूंसों और डंडे से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देकर चला गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने एक नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। ग्राम चौबारा निवासी सुरेश पुत्र हीरालाल रजक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 30 सितंबर की शाम करीब छह बजे वह अपने घर के दरवाजे पर बैठे हुए थे। इसी दौरान उसी मोहल्ले का रहने वाला गोकल पुत्र रामप्रसाद रजक वहां पहुंचा और बिना किसी कारण के गाली-गलौज करने लगा। उन्होंने गोकल को गाली देने से मना किया। आरोप है कि इससे नाराज होकर गोकल ने उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

मजदूरी के 200 रुपए को लेकर विवाद, बाइक रोककर मारपीट की

ललितपुर। थाना पूराकलां क्षेत्र के ग्राम गेवरा में मजदूरी के महज 200 रुपए के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि मजदूरी के रुपए मांगने को लेकर तीन लोगों ने रास्ते में बाइक रोककर युवक और उसके नाबालिग भतीजे के साथ मारपीट की। तहरीर पर पूराकलां पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम गेवरा निवासी सुंदर पुत्र पूरन अहिरवार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसे गांव के ही गुलई को मजदूरी के 200 रुपए देने थे। आरोप है कि 30 सितंबर की सुबह करीब आठ बजे वह अपने भतीजे अभिराज पुत्र रामप्रसाद के साथ मोटरसाइकिल से गांव की चक्की पर गेहूं पिसवाने गया था। वहां से दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। सुंदर के मुताबिक, गांव के आम रास्ते पर पहुंचने पर पहले से मौजूद गुलई और उसके साथियों ने उनकी बाइक रोक ली और मजदूरी के रुपए मांगने लगे। पीड़ित ने बताया कि उसने रुपए शाम तक देने की बात कही, लेकिन आरोपी गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज का विरोध करने पर आरोपियों ने सुंदर और उसके भतीजे अभिराज के साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। घटना के बाद उसने थाना पूराकलां पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पूराकलां पुलिस ने गुलई पुत्र मुन्जा अहिरवार, संतोष पुत्र जवाहर अहिरवार, राजेश पुत्र जवाहर अहिरवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सड़क निर्माण की मांग को लेकर मोहल्लेवासियों ने सौंपा ज्ञापन

ललितपुर। नेहरू नगर में नेहरू युवा केंद्र के पास रहने वाले मोहल्लेवासियों ने क्षेत्र की खराब सड़क की समस्या को लेकर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा को ज्ञापन सौंपकर सीसी रोड निर्माण कराने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि नेहरू युवा केंद्र के पास मेन रोड से अंदर जाने वाली गली में आनंद सरदार के घर तक सड़क की स्थिति खराब है। बारिश के दौरान मार्ग पर कीचड़ एवं जलभराव होने से आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मोहल्लेवासियों ने मार्ग पर सीसी रोड का निर्माण कराने की मांग की। इस अवसर पर आनंद सिंह, महेन्द्र पाल, करामत सरदार, मनीष सरदार, पीपी सरदार, रामकुमार सरदार, काजल सरदार, राजकुमारी, गजराज सिंह, श्यामानंदी, दिनेश, सीमा, मोनिका, महक, घनश्याम, दिनेश कुमार, रामकिशन, अमित कुमार, तरुण, धनराज, फिल्म सानिया, सूरज एवं बिपिन सहित अन्य मोहल्लेवासियों के हस्ताक्षर रहे।

लेखक संघ की नई कार्यकारिणी गठित

विदिशा। मप्र लेखक संघ इकाई विदिशा की बैठक किरी मोहल्ला पर हुई। सर्वसम्मति से निवर्तमान अध्यक्ष पं. विजय चतुर्वेदी को जिला संयोजक तथा परमानंद मिश्रा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। नंद कुमार तिवारी एवं शिव कुमार तिवारी को उपाध्यक्ष और पं. सुशील शर्मा 'सरल' को सचिव बनाया गया। बैठक में अधिक से अधिक नवीन आजीवन एवं वार्षिक सदस्य बनाने का निर्णय लिया गया।

किसानों के हक से खिलवाड़ पर डीएम सख्त, नकली खाद के कारोबार पर कसा शिकंजा

किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं, नकली खाद-बीज विक्रेताओं पर आगे भी होगी कार्रवाई

अवैध खाद री-पैकिंग के काले कारोबार पर जिलाधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई, मकान सील और एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

किसानों को निर्धारित दर पर सुगमतापूर्वक और असली उर्वरक, खाद उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश बेहद संवेदनशील हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जनपद के अन्नदाताओं के हितों के साथ किसी भी स्तर पर अन्याय या खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कालेबाजारी और मिलावटखोरी करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसी क्रम में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के कड़े निर्देशों पर कृषि विभागए प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा जनपद में अवैध उर्वरक के कारोबार पर एक बड़ी और त्वरित कार्रवाई की गई है।

संदिग्ध ठिकाने पर अचानक छापा, अवैध री-पैकिंग का भंडाफोड़



30 सितंबर को दोपहर लगभग 1 बजे जिला कृषि अधिकारी, अपर जिला कृषि अधिकारी प्रदीप कुमार और प्रधान सहायक रामनारायण चौरसिया की टीम ने ग्राम पनारी, सुरई घाट रोड, पंचमुखी मंदिर के सामनेद्ध में स्थित एक मकान परिसर में आकस्मिक छापा मारा। मौके पर पाया गया कि इफको डीएपी की बोरियों में संदिग्ध और नकली उर्वरक भरकर उसकी री.पैकिंग का अवैध धंधा धड़ल्ले से चल रहा था। वहां मौजूद पुष्पेंद्र मिश्रा नाम का व्यक्ति किसानों से संपर्क कर इस संदिग्ध खाद की बिक्री करवा रहा था। छापेमारी के दौरान मौके से 217 बैग भरी हुई संदिग्ध इफको डीएपी,भारी मात्रा में खाली बोरियां, बारदाना, काला दानेदार प्रोडक्ट डीएपी जैसा दिखने वाला, बोरी सिलने वाला धागा, सिलाई मशीन और एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा; तराजू बरामद किया गया। जांच के लिए संदिग्ध डीएपी के दो नमूने भी अधिग्रहीत किए गए हैं।

मकान सील, आरोपियों पर दर्ज की एफआईआर

उप जिलाधिकारी सदर हेमंत पटेल, नायब तहसीलदार योगेंद्र सिंह और पुलिस टीम की उपस्थिति में पूरे परिसर की वीडियोग्राफी कराकर उसे तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद आरोपी पुष्पेंद्र मिश्रा, मकान मालिक कैलाशनारायण पुरोहित और मौके से भागे एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम.1955 की धारा 3/7 एवं उर्वरक ; नियंत्रणद्ध आदेश 1985 के तहत कोतवाली ललितपुर में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है।

जिलाधिकारी की किसानों से अपील

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद के सभी किसान भाइयों से अनुरोध किया है कि वे किसी भी बहकावे में न आएं और उर्वरकों की खरीदारी केवल पंजीकृत और प्राधिकृत सहकारी संस्थाओं से ही करें। यदि कहीं भी अवैध भंडारण या नकली खाद, बीज व कीटनाशक की शिकायत मिलती हैए तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। किसानों के हक पर डाका डालने वाले किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। इस प्रकार की सूचना संज्ञान में आते ही तत्काल प्रभाव से इसी प्रकार से कठोर कार्यवाही की जाएगी।

जय अंबे रक्तदान समिति के रक्त वीरों को किया सम्मानित



ललितपुर। विगत 20 वर्षों से हजारों जरूरतमंदों की मदद करती चली आ रही जय अंबे रक्तदान समिति के रक्तदाता शिवम श्रीवास्तव फहीम खान जितेंद्र कुशवाहा तीनों रक्तदाताओं ने अनेकों बार जरूरतमंदों को रक्तदान करते चले आ रहे हैं। मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस मनाया गया। इस मौके पर समिति के तीनों रक्तवीर शिवम श्रीवास्तव एवं फहीम खान और जितेंद्र कुशवाहा को स्मृति चिन्ह तथा प्रशासित पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर वरिष्ठ समाजसेवी कन्हैया लाल रजक बलराम राज आदि रहे।

कोटे की दुकान में 4.72 क्विंटल गेहूं और 54 किलो चावल कम मिला, मुकदमा

मड़ावरा में एसडीएम व पूर्ति निरीक्षक के निरीक्षण में खुली अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

तहसील मड़ावरा क्षेत्र में उचित दर की दुकान के औचक निरीक्षण के दौरान खाद्यान्न के स्टॉक में कमी मिलने का मामला सामने आया है। भौतिक सत्यापन में निर्धारित स्टॉक की तुलना में 4.72 क्विंटल गेहूं, 0.54 क्विंटल यानी 54 किलो चावल और एक किलो चीनी कम मिली। स्टॉक रजिस्टर भी उपलब्ध नहीं कराया गया। मामले में पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने सहकारी समिति के सचिव और कोटे के सेल्समैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बीती 25 सितंबर को सुबह 11.25 बजे उपजिलाधिकारी मड़ावरा और पूर्ति निरीक्षक हेमन्त कुमार जोशी ने ग्राम पंचायत मड़ावरा स्थित साधन सहकारी समिति की उचित दर दुकान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकान पर सेल्समैन राजाराम पाल मौजूद मिले। आरोप है कि निरीक्षण के दौरान दुकान खोलने में आनाकानी की गई। शुरुआत में दुकान की चाबी और ई-पॉस मशीन भी उपलब्ध नहीं कराई गई। बाद में दुकान खुलने पर स्मार्ट पीडीएस पोर्टल पर दर्ज स्टॉक के अनुसार खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन कराया गया। भौतिक सत्यापन में ऑनलाइन अभिलेखों में दर्ज मात्रा और मौके पर उपलब्ध खाद्यान्न में अंतर मिला। जांच के दौरान 4.72 क्विंटल गेहूं, 0.54 क्विंटल चावल और एक किलोग्राम चीनी कम पाई गई। निरीक्षण के दौरान सेल्समैन द्वारा स्टॉक रजिस्टर भी प्रस्तुत नहीं किया गया।

अधिकारियों द्वारा स्टॉक में कमी के संबंध में जानकारी मांगे जाने पर भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। पूर्ति विभाग की ओर से दर्ज शिकायत के अनुसार, उपलब्ध स्टॉक में कमी और अभिलेख प्रस्तुत न किए जाने के आधार पर खाद्यान्न के कार्डधारकों में वितरण के बजाय उसके दुरुपयोग एवं कालाबाजारी किए जाने की आशंका सामने आई। जिलाधिकारी की अनुमति और अनुमोदन के बाद पूर्ति निरीक्षक हेमन्त कुमार जोशी की तहरीर पर थाना मड़ावरा में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले में साधन सहकारी समिति के सचिव और सेल्समैन राजाराम पाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

डीएपी-यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता, कालाबाजारी पर कार्रवाई की मांग

खाद की किल्लत व ओवररेटिंग पर भड़की स्वामी ब्रह्मानंद ब्रिगेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



रबी फसल की बुआई के बीच खाद की कथित किल्लत, निर्धारित मूल्य से अधिक दाम वसूले जाने और नकली खाद की कालाबाजारी के आरोपों को लेकर स्वामी ब्रह्मानन्द ब्रिगेड ने प्रशासन का ध्यान किसानों की समस्याओं की ओर आकृष्ट कराया है।

संगठन जिलाध्यक्ष देवसिंह राजपूत के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने और कालाबाजारी व ओवररेटिंग पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि रबी की फसल की बुआई का समय चल रहा है, ऐसे में किसानों को डीएपी और यूरिया जैसी आवश्यक उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। संगठन ने जनपद की सहकारी समितियों एवं सरकारी खाद केंद्रों पर तत्काल पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि किसानों को खाद के लिए परेशान न होना पड़े। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि सरकारी समितियों पर खाद उपलब्ध न होने का फायदा उठाकर कुछ निजी खाद विक्रेताओं और बिचौलियों द्वारा निर्धारित कीमत से 200 से 400 रुपए प्रति बोरी तक अधिक वसूली किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। संगठन ने ऐसे विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण कराने और दोषी पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में खाद वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी लगाने की मांग की गई। संगठन का कहना है कि खाद लेने के लिए किसानों को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है।

ऐसे में वितरण केंद्रों पर निगरानी व्यवस्था मजबूत की जाए, जिससे वास्तविक किसानों को निर्धारित दर पर आसानी से खाद मिल सके। ब्रिगेड ने खरीफ सीजन में खराब हुई उड़द, मूंग, सोयाबीन आदि फसलों का भी मुद्दा उठाया। संगठन ने प्रभावित किसानों की फसल क्षति का आकलन कराकर उन्हें नियमानुसार उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। इसके साथ ही किसानों के कृषि संबंधी कर्ज माफ किए जाने की मांग भी ज्ञापन में शामिल की गई।

संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि यदि किसानों को समय पर और निर्धारित कीमत पर खाद उपलब्ध नहीं हुई तो रबी फसलों की बुआई प्रभावित हो सकती है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से खाद की उपलब्धता, मूल्य और वितरण व्यवस्था की प्रभावी निगरानी कर किसानों की समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में स्वामी ब्रह्मानन्द ब्रिगेड जिलाध्यक्ष देवसिंह राजपूत, अनुराग सिंह एड., रानू, अजय, माधव सिंह, कल्लू दानवी, देवेन्द्र सहित अन्य पदाधिकारी, सहयोगी सदस्य एवं स्थानीय किसान मौजूद रहे।

भूकंप आपदा से निपटने...

दो दिवसीय टेबल टॉक एक्सरसाइज और मॉकड्रिल का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जनपद में भूकंप आपदा से बचाव, त्वरित राहत एवं विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम की रूपरेखा निम्न अनुसार निर्धारित की गई है

2 अक्टूबर (समयः सुबह 11 बजे): जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, ललितपुर के मीटिंग हॉल में भूकंप आपदा से संबंधित टेबल टॉक एक्सरसाइज आयोजित की गई।

3 अक्टूबर 2026 (समयः प्रातः 11:00 बजे): श्री दीपचंद महाविद्यालय, ललितपुर में भूकंप आपदा से संबंधित मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

4 अक्टूबर 2026ः जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में टेबल टॉक एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी।

5 अक्टूबर 2026ः घंटाघर परिसर में व्यापक स्तर पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

इस आयोजन में पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, यातायात पुलिस, अग्निशमन विभाग, सिविल डिफेंस, समस्त आपदा मित्र, एनजीओ, शिक्षा विभाग, ग्वाला एकेडमी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का समस्त स्टाफ, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (8वीं वाहिनी एनडीआरएफ, गाजियाबाद) तथा समस्त मीडिया एवं न्यूज पेपर प्रभारियों की सहभागिता अनिवार्य की गई है। कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी या किसी भी अन्य पूछताछ के लिए आपदा विशेषज्ञ से संपर्क किया जा सकता है।

सदर तहसील में जनशिकायतें सुनेंगे जिलाधिकारी

3 अक्टूबर को जनपद की सभी तहसीलों में आयोजित होगा संपूर्ण समाधान दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शासन के निर्देशानुसार जनता की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का एक ही स्थान पर गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध व त्वरित निस्तारण के लिए 3 अक्टूबर को जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान आयोजित किया जाएगा। जिसके क्रम में जिलाधिकारी तहसील ललितपुर में जनशिकायतें सुनेंगे। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी तहसील तालबेहट एवं संबंधित उप जिलाधिकारी अपनी अपनी तहसीलों में उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण कराएंगे। जनसामान्य से अपील की गई है कि अपने क्षेत्र की तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर अपनी समस्याओं का निस्तारण कराएं।

खड़ोवरा के इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी

विद्यार्थियों ने दिखाए नवाचार और वैज्ञानिक सोच के मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पं. रुद्र नारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल इंटर कॉलेज खड़ोवरा में विज्ञान प्रदर्शनी मेले का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए विज्ञान एवं तकनीक पर आधारित विभिन्न आकर्षक और उपयोगी मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने आधुनिक खेती एवं पारंपरिक कृषि पद्धतियों, जल संरक्षण, विद्युत, ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण सहित विज्ञान के विभिन्न उपयोगी विषयों पर मॉडल तैयार किए। विद्यार्थियों ने अपने मॉडलों के माध्यम से कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के प्रयोग के साथ-साथ पारंपरिक खेती के महत्व को भी प्रदर्शित किया। छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी में मौजूद अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को अपने-अपने मॉडल की कार्यप्रणाली, उपयोगिता और उसके पीछे छिपे वैज्ञानिक सिद्धांतों की जानकारी दी।

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों और उनकी वैज्ञानिक समझ को देखकर उपस्थित लोगों ने उनकी सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनियां विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता, नवाचार तथा प्रयोगात्मक सीखने की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसे आयोजनों



से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और कल्पनाशीलता को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। उन्होंने प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र-छात्राओं तथा उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई दी। प्रदर्शनी के सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

सीडीओ ने अधिकारियों को दिए शत-प्रतिशत अभियान सफल बनाने के निर्देश

डेंगू-मलेरिया से बचाव को लेकर माइक्रोप्लान तैयार करने के दिए निर्देश, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

हाई रिस्क गांवों व वार्डों में सफाई और एंटी-लार्वा छिड़काव पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



अक्टूबर माह में संचालित होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में अन्तर्विभागीय बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता सीडीओ शेषनाथ चौहान ने की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न सहयोगी विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए।

सीएमओ डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी संबंधित विभागों को समय से अपनी-अपनी गतिविधियों का माइक्रोप्लान तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं मलेरिया अधिकारी अनिल क्रिस्टोफर मैसी ने पीपीटी के माध्यम से शासन की गाइडलाइन के अनुसार विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी। बताया कि वर्षा ऋतु के दौरान डेंगू, मलेरिया सहित जल-जनित एवं मच्छर-जनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों से घरों एवं आसपास खुले स्थानों पर साफ पानी जमा न होने देने की अपील की। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि संभावित मच्छर प्रजनन स्थलों को चिह्नित कर समय से प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में पंचायती राज विभाग एवं नगर विकास विभाग को पिछले वर्षों के आंकड़ों के आधार पर चिन्हित किए गए हाई रिस्क गांवों एवं संवेदनशील वार्डों की सूची उपलब्ध कराई गई। इन क्षेत्रों में रुके हुए पानी की निकासी, नालियों की सघन सफाई, जलभराव वाले गड्ढों को मिट्टी से भरने तथा मच्छरों के आश्रय स्थलों को नष्ट करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही झाड़ियों की कटाई, लार्वानाशक दवाओं एवं एंटी-लार्वा केमिकल का नियमित छिड़काव कराने पर विशेष जोर दिया गया।

संबंधित विभागों को फील्ड स्तर पर गतिविधियों की नियमित निगरानी करने के निर्देश भी दिए गए। सीडीओ शेषनाथ चौहान ने कहा कि पिछले अभियानों के दौरान सामने आई कमियों को इस बार प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। सभी अधिकारी अपने विभाग का माइक्रोप्लान तैयार कर उसके अनुसार फील्ड गतिविधियां सुनिश्चित करें। उन्होंने अभियान की गुणवत्ता बनाए रखने और निर्धारित गतिविधियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अभियान के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर शिथिलता अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अभियान को प्रभावी बनाने और जनपद की राज्य स्तरीय प्रगति एवं फीडबैक को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में नोडल वीबीडी डॉ. आर.एन. सोनी, नोडल अर्बन डा.राजेश भारती, एपिडेमियोलॉजिस्ट डा.देशराज, डीसीपीएम गणेश टेगुरिया, सहायक मलेरिया अधिकारी, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक सहित बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, कृषि, पशुपालन, पंचायती राज, नगर विकास, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, दिव्यांगजन सशक्तिकरण तथा सूचना विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

मजदूरी करते समय ट्रैक्टर पलटा, 35 वर्षीय युवक की चपेट में आने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

गिरिराज कॉलोनी में मजदूरी करते समय ट्रैक्टर पलटने से उसकी चपेट में आए 35 वर्षीय मजदूर सोनू कुशवाह की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद गंभीर हालत में सोनू को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। सोनू कॉलोनी में मजदूरी कर रहा था। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर पलट गया और सोनू उसकी चपेट में आकर दब गया। हादसा होते ही आसपास मौजूद लोगों ने उसे बाहर निकाला और गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। इलाज के दौरान सोनू ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

भावांतर योजना में पंजीयन 17 तक

विदिशा। खरीफ वर्ष 2026 (विपणन वर्ष 2026-27) में भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) के तहत सोयाबीन फसल के पंजीयन की प्रक्रिया निर्धारित कर दी गई है। किसान 3 से 17 अक्टूबर तक ई-उपार्जन पोर्टल पर सोयाबीन फसल का पंजीयन करा सकेंगे। किसानों की सुविधा के लिए ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्रों पर निःशुल्क पंजीयन कराया जा सकेगा।

बिकने के बाद भी मौत बनकर बीच बाजार में खड़ा खंडहर भवन

चोरों और नशेड़ियों का अड्डा बनी सुबात कचहरी, जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के किला रोड स्थित मैन मार्केट में सुबात कचहरी का खाली पड़ा खंडहर भवन लंबे समय से चोर उचक्के और नशेड़ियों का अड्डा बना हुआ है। इस खंडहर में चोर उचक्के और नशेडियों का जमघट लगने लगता है। इस भवन में ऐसा कोई कक्ष या खुला मैदान नहीं है जहां नशेडियों द्वारा अपने नशे के सबूत (एविल इंजेक्शन की खाली शीशी और सिरिंज) न छोड़े हों। आश्चर्य की बात तो यह है कि इस भवन को आमजन के लिए खतरनाक मानकर करीब दो दशक पहले इसलिए बेच दिया था कि संबंधित इसे गिराकर होने वाली संभावित जनहानि रोकी जा सके लेकिन उक्त जर्जर भवन बिकने के बावजूद अभी तक मौत बनकर खड़ा हुआ है।

सुबात चौराहा से आगे किला रोड पर बनी सुबात कचहरी विगत दो दशकों से भी अधिक समय से खाली खंडहर बनकर नशेड़ियों का अड्डा बन चुकी है कभी जिला न्यायालय का अधिकार रखने वाली यह बिल्डिंग आज उन चोरों का अड्डा बन गई है जिन चोरों को इस बिल्डिंग से जेल की हवा खिलाई जाती थी। इस भवन से न्यायालय दूसरे भवन में शिफ्ट होने के बाद ताला डाल दिया गया और उसके बाद प्रशासन ने इसकी सुध नहीं ली भवन में रखी क्विंटलो न्यायालय के कागज चोरों ने चोरी कर बेच डालें। इस भवन में लोहे के जंगले, किवाड़ और लड़कियों के दूसरे सामान भी तोड़कर बेचने का काम आज भी किया जा रहा है। कचहरी के भीतर से चोर सामान निकालकर ले जाते दिखाई पडते हैं और शाम होते ही नशेड़ी से कचहरी में घुस जाते हैं हालांकि जो मुख्य गेट है वहां ताला डाला हुआ है लेकिन खारा कुआं के पास (पीछे वाला रास्ता) कचहरी में घुसने के लिए रास्ता दीवार तोड़कर बनाया गया है यहीं से चोर भीतर से चोरी कर सामान निकालते हैं और नशेड़ी नशा करने के लिए अंदर घुस जाते हैं। स्मैक का नशा करने वाले नशेडियों के नशे में उपयोग होने वाले एविल इंजेक्शन की खाली शीशी और सिरिंज के ढेर इधर उधर पड़े बिखरे दिखाई पड़ जाएंगे।



पुलिस की बिल्डिंग टूट सकती है तो फिर ये क्यों नहीं

हाल ही में पीडब्ल्यूडी द्वारा घोषित जर्जर भवन को कलेक्टर न्यायालय के निर्देश के बाद नगर पालिका ने जमीं दोज कर दिया था। सुबात चौराहा पर स्थित यह भवन को राजस्व रिकॉर्ड में पुलिस चौकी लिखा हुआ था जिसके चलते भवन गिरने के बाद उक्त जमीन पर पुलिस प्रशासन ने अपना कब्जा कर लिया है। सूबात चौराहा पर इससे पहले भी एक और जर्जर भवन गिराया गया था जिसके नीचे 6 दुकानदार नगरपालिका की किरायदारी पर रह रहे थे। उक्त भवन के गिरने के बाद खाली जमीन को भी पुलिस ने अपनी बताकर अपने कब्जे में ले लिया था। लोगों का कहना है कि जिस तरह सुबात चौराहा पर उक्त दोनों भवनो को जनहानि का डर दिखाकर गिराया गया था उसी तरह से सुबात कचहरी को भी गिराया जाए ताकि संभावित जनहानि से बचा जाए और नशा वितरण का अघोषित केंद्र बंद हो सके।

कॉम्प्लेक्स के लिए बनाई योजना, बोली लगाकर बेचा

बीच बाजार में स्थित सुबात कचहरी भवन अनुपयोगी और खंडहर हो जाने के कारण प्रशासन ने इसे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और बनाने के लिए हाउसिंग बोर्ड को सौंपा था। तत्कालीन कलेक्टर शिवम वर्मा ने शॉपिंग कॉम्प्लेक्स आधुनिक तरीके से बनाए जाने के लिए प्लानिंग भी कर ली थी और इसके इसे हाऊसिंग बोर्ड को सौंप दिया गया लेकिन हाउसिंग बोर्ड ने इसे ऑनलाइन बोली लगाकर बेच दिया। जिससे बेरोजगार युवाओं का इस प्रस्तावित शॉपिंग मॉल में दुकान लेकर स्वरोजगार का देखा सपना भी चूर हो गया।

इनका कहना है...

सुबात कचहरी का भवन बेहद जर्जर है पीडब्ल्यूडी से मानवीय उपयोग के लिए प्रतिबंधित घोषित कर चुकी है भवन गिरकर जनहानि का कारण ना बने इसको ध्यान में रखते हुए संबंधित खरीदार को नोटिस भेजा जाएगा ताकि वह अपनी प्लानिंग के हिसाब से भवन को गिराकर निर्माण शुरू करें।

नरेंद्र जाटव
सीएमओ श्योपुर

श्योपुर पहुंचे नवागत एसडीओपी, संभाला पदभार

क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना होगी पहली प्राथमिकता:आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर के नवागत और युवा एसडीओपी आनंद कुमार राय शुक्रवार को श्योपुर पहुंच गए और उन्होंने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करने के बाद विधिवत रूप से एसडीओपी श्योपुर का पदभार संभाल लिया है। बता दें कि श्योपुर एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता का श्योपुर से तबादला हो गया है और उनकी जगह गुना में पदस्थ युवा और तेज तर्रार डीएसपी आनंद कुमार राय को बतौर एसडीओपी श्योपुर में पदस्थ किया गया है। शुक्रवार को उन्होने विधिवत रूप से अपना पदभार संभालने के बाद हरिभूमि से चर्चा करते हुए अपनी प्राथमिकताएं बताई। उन्होने कहा कि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। जनता और पुलिस के बीच विश्वास बढ़ाने के लिए पारदर्शी और निष्पक्ष कार्रवाई पर जोर दिया जाएगा। महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।



महिला सुरक्षा और अजाक डीएसपी का इंतजार

उल्लेखनीय है कि श्योपुर जिले में चार नए डीएसपी की पोस्टिंग की गई है। इनमें से डीएसपी हेडक्वार्टर विजय सिंह तोमर और एसडीओपी आनंद कुमार राय ने श्योपुर पहुंचकर अपनी अपनी जिम्मेदारी बखूबी संभाल ली है। लेकिन अभी महिला सुरक्षा डीएसपी शिव सिंह यादव और अजाक डीएसपी ओमप्रकाश आर्य श्योपुर नहीं पहुंच गए है। जिसके चलते उनका श्योपुर में इंतजार बना हुआ है।

अवैध नशा कारोबार सहित अन्य कई गैरकानूनी काम धंधो को लेकर सख्ती के साथ कार्रवाई की जाएगी। उन्होने कहा कि क्षेत्र की भोगोलिक स्थिति से वाकिफ होने के बाद पुलिसिंग में कसावट लाने की दिशा में हर संभव कार्रवाई की जाएगी।

बड़ौदा पुलिस ने दबोचे दो केबल चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बडौदा क्षेत्र में किसानों के खेतो पर लगी ट्यूबवेलो की रात्रि के दौरान केबल चोरी की घटना होने के बाद उपजे आक्रोश के बाद पुलिस ने इस मामले में सफलता अर्जित करते हुए दो केबल चोरो को दबोच लिया है। बडौदा थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम बांसोद निवासी दिनेश मीणा ने अपने साथी लोगो के साथ बडौदा थाने में ट्यूबवेलों की केवल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस ने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान दो केवल चोरो को दबोचने में सफलता भी मिल गई। पकडे गए केवल चोर के नाम कन्हैया पुत्र लड्डू प्रजापति निवासी ललितपुरा तथा कमलेश पुत्र बीरबल कुशवाह निवासी ललितपुरा बताए गए है। पकडे गए दोनो चोरो के कब्जे से केबल और तार जब्त किए गए है।

कल होगा शाखा संगम, जुटेंगे पूरे नगर के स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे शताब्दी वर्ष के तहत इन दिनों विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में श्योपुर नगर में 4 अक्टूबर रविवार की सुबह शाखा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बताया गया है कि यह शाखा संगम कार्यक्रम रविवार की सुबह 7 बजे शहर के मेला मैदान में आयोजित होगा। इस दौरान शहर में अलग अलग स्थानों पर चल रही शाखाओ के स्वयंसेवक मेला मैदान में लगने वाली शाखा में शामिल होगे। जब शहर के अलग अलग क्षेत्रो में रहने वाले स्वयंसेवक शाखा संगम में शामिल होने के लिए मेला मैदान में पहुंचेगे तो एक अलग तरह का नजारा उत्पन्न होगा। शाखा संगम के दौरान नगर भर के स्वयंसेवक विभिन्न गतिविधिया करेगे। संघ की श्योपुर नगर इकाई द्वारा आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।



नामांतरण के संबंध में कलेक्टर ने जारी किए निर्देश

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा सभी तहसीलदारों को निर्देश दिये गये है कि भू-संबंधी ऐसे मामले जिन प्रकरणों में किसी प्रकार न्यायालयीन रोक नहीं है, उन मामलों में विधि अनुसार नामांतरण की प्रक्रिया की जायें। उल्लेखनीय है कि विभिन्न माध्यमों से श्योपुर नगर सहित शहर से सटे ग्रामों में स्थित भूमि के नामांतरण संबंधी समस्याओं को लेकर नपाध्यक्ष प्रतिनिधी सुजीत गर्ग वन विकास निगम अध्यक्ष रामनिवास रावत के साथ सीएम डॉ मोहन यादव से मिले थे और सीएम ने फोन पर ही कलेक्टर श्योपुर को नामांतरण मामले को संज्ञान लेकर तत्काल नामांतरण शुरू करने के निर्देश भी दे दिए थे। कलेक्टर ने जिले के सभी तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों को निर्देश दिये गये है कि नामांतरण की प्रक्रिया का संचालन विधि अनुरूप किया जायें, जिन प्रकरणो में किसी प्रकार की रोक नही है, उन मामलों में नामांतरण की कार्रवाई निष्पादित की जा सकती है।

अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत, एक घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बीती शाम को जिले में दो अलग अलग स्थानों पर घटित हुए सडक हादसो के दौरान बाइक सवार दो लोगो की मौत हो गई। जबकि एक युवक घायल हो गया।

पुलिस ने बताया कि गुरूवार की देर शाम को एक सडक हादसा बडौदा थाना क्षेत्र में पांडोला के नजदीक घटित हुआ,जहां आवदा नहर की पुलिया के पास बाइक रोककर पुडिया खा रहे दो लोगो को एक बेकाबू ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी,जिससे अमर सिंह पुत्र जगदीश मीणा निवासी रामगांवडी की मौत हो गई। जबकि उसके साथ मौजूद लक्ष्मीनारायण मीणा पुत्र विश्वनाथ मीणा निवासी तुलसेफ घायल हो गया। वहीं दूसरा हादसा गसवानी थाना क्षेत्र में बटुआ डांग के आगे हुआ,जहां बाइक सवार रामनिवास पुत्र रमेश आदिवासी निवासी सारंगपुर की मौत सडक पर बैठी भैंस से बाइक के टकरा जाने से हो गई। पुलिस ने दोनो मामलो में एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं पीएम के उपरांत म्रतको के शव उनके परिजनो को सौप दिए है।

नागदा में सहभोज के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर जनजातीय कार्य विभाग द्वारा श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम नागदा स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में अस्पृश्यता निवारणार्थ सदभावना शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सहरिया विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं कैबीनेट मंत्री दर्जा गुड्डी बाई आदिवासी ने कहा कि शासन द्वारा सभी वर्गो के बीच सामाजिक समरसता के प्रति जागरूकता का कार्य किया जा रहा है तथा सभी को समान अवसर उपलब्ध कराये जा रहे है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए सभी समुदाय अपने बच्चों को पढाई के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राघवेन्द्र जाट, जिला पंचायत सदस्य गिरधारी बैरवा, वरिष्ठ नागरिक बंशीलाल, ग्राम पंचायत की सरपंच गुड्डी बाई, राकेश मीणा, सहायक आयुक्त राकेश गुप्ता, तहसीलदार दीपेश धाकड सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहें।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी का व्यक्तित्व प्रेरणादायी है। सामाजिक भेदभाव जैसी परिस्थितियां अब नही है, छुआछूत जैसी सामाजिक बुराईयों दूर हुई है। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी की 650वी जंयती वर्ष को मध्यप्रदेश की सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर मनाया जा रहा है। इसी के क्रम में पिछले दिनों कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के आदर्शो को जीवन में अपनाने की प्रेरणा भी दी। इसके पूर्व सहायक आयुक्त राकेश गुप्ता द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लिए संचालित शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। आभार प्रदर्शन बीईओ कराहल एमपी मौर्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्रामीणों के साथ नीचे बैठकर भोजन किया गया।

पंडित दीनदयाल पार्क में स्वच्छता अभियान आयोजित, सफाई मित्रों का किया सम्मान

स्वच्छता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी, हम अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए सफाई मित्रों का सहयोग करें



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

स्वच्छता हम सभी की सामुहिक जिम्मेदारी है, हम अपने दायित्वो का निर्वहन कर सफाई मित्रों का सहयोग करें। यह बात कलेक्टर शीला दाहिमा ने शुक्रवार को नगरपालिका श्योपुर के तत्वाधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क बस स्टैण्ड में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा मेरा योगदान गतिविधि के क्रम में आयोजित इस कार्यक्रम में नपाध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग, सीईओ जिपं कार्तिकेय जायसवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, कैलाशनारायण गुप्ता,भाजपा नेता रामलखन नापाखेडली, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नेहा कुलश्रेष्ठ, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ओम राठौर, सांसद प्रतिनिधि सुजीत गर्ग,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनू सोनी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल, सहित पार्षदगण, अन्य जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर सफाई मित्रों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कलेक्टर शीला दाहिमा ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने में सफाई मित्रों का योगदान महत्वपूर्ण है, सभी नागरिकों का दायित्व है कि वे स्वच्छता बनाये रखने में सहयोग प्रदान करें तथा कचरे को निर्धारित कचरा पात्रो में ही डालें। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिको द्वारा पंडित दीनदयाल पार्क की साफ-सफाई का कार्य किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने सफाई मित्रों को प्रोत्साहित करने के लिए स्वयं ग्रास ट्रिमर मशीन चलाई गई तथा सफाई कर्मियों के प्रति धन्यवाद और आभार प्रदर्शित किया गया।

शासकीय कार्यालयों में चला स्वच्छता अभियान

गांधी जयंती पर कलेक्ट्रेट कार्यालय एवं परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई का कार्य किया गया। इस दौरान कलेक्टर शीला दाहिमा, एडीएम रूपेश उपाध्याय, एसडीएम कराहल बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कलेक्टर कार्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई तथा झाडियां और घास हटाने का कार्य किया गया। इस दौरान कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा सफाई मित्रों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न शासकीय कार्यालयों में भी स्वच्छता अभियान आयोजित करते हुए कार्यालयों परिसरों की साफ-सफाई की गई।



गांधी के विचारों को पीएम मोदी ने किया साकार

महात्मा गांधी ने स्वच्छता का जो नारा दिया था उस नारे को साकार करने के लिए पीएम मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान बनाकर पूरा किया है। आज पूरा देश स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता श्रमदान कर रहा है। जिससे स्वच्छता तो आ ही रही है साथ ही छुआछूत की भावना और ऊँच नीच का भेद भी खत्म हो रहा है। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर उनके जीवन वृत पर प्रकाश डालते हुए कही। इससे पहले भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कर सफाई भी की और गांधी पार्क पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर फूल चढ़ाएं। इस दौरान पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान एवं दुर्गा लाल विजय, वरिष्ठ भाजपा नेता महावीर सिंह सिसोदिया, कैलाश नारायण गुप्ता, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल आदि कार्यकर्त्ता मौजूद रहे। उधर विजयपुर में भी भाजपा द्वारा सेवा, स्वच्छता एवं जनजागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा परशुराम मंदिर परिसर में सार्वजनिक स्वच्छता अभियान चलाया गया।

गांधी पार्क में सर्वधर्म सभा, निकाली प्रभात फेरी

गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर शहर में गांधी विचारकों ने प्रभात फेरी निकाली। गांधी पार्क में सर्वधर्म सभा आयोजित की गई, जिसमें गांधी विचारधारा से जुड़े लोग शामिल हुए। इस दौरान महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के विचारों को याद किया गया।



गांधी को मार सकते हो उसके विचारों को नहीं: जंडेल

गांधी को गोली तो मार सकते हो पर उसके विचारों को नहीं मार सकते। गांधी के विचार कल भी पूरे विश्व का मार्गदर्शन करते थे और आज भी कर रहे हैं सत्य अहिंसा का जो नारा गांधी ने दिया था उस नारे को साकार कर आज विश्व शांति स्थापित करने के लिए बड़े-बड़े देश सम्मेलन कर रहे हैं। गांधी एक विचार है जो हमेशा अमर रहेगा। यह बात विधायक बाबू जंडेल ने गांधी पार्क में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवनवृत पर प्रकाश डालते हुए कही।इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी, जिला संगठक संजीव कुशवाह, हंसराज मीणा, दिनेश सिकरवार, सिराज दाऊदी, प्रहलाद सेन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कर्यकर्ता मौजूद रहे।



अस्पताल में चलाया स्वच्छता अभियान,लगाए पौधे

गांधी जयंती पर शुक्रवार को जिला अस्पताल श्योपुर में "स्वच्छता ही सेवा" एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अस्पताल परिसर स्थित पार्क में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई तथा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर के संदेश के साथ वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ.एसएन बिंदल, पैथोलॉजिस्ट डॉ. आरबी गोयल, आरएमओ डॉ.गजेंद्र सिंह धाकड़, सर्जिकल स्पेशलिस्ट डॉ.जितेंद्र सिंह यादव, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय मंगल, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. योगेश रावत, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश शाक्य, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप शर्मा , नर्सिंग ऑफिसर अनीता पायल, ममता राजोरिया, शमीम बानो, रंजना पाल, लक्ष्मी गर्ग,मोनिका पंडोले, विनोद, फार्मासिस्ट वीरेंद्र जाट,कल्याण मीणा, हाउसकीपिंग सुपरवाइजर सुरेंद्र कौशल सहित अन्य अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहा।

अपनी मांगो को लेकर शिक्षकों ने दिया धरना, रखा उपवास



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मप्र के प्रदेश व्यापी आव्हान के तहत शुक्रवार को श्योपुर जिला मुख्यालय पर भी जिले के शिक्षको ने अपनी तीन सूत्रीय मांगो को लेकर न केवल एक दिवसीय धरना दिया,बल्कि दिनभर उपवास भी रखा। शुक्रवार को सुबह 11:30 बजे शिक्षक बडी संख्या में एकत्रित होकर गांधी पार्क में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष पहुंचे।

जहां शिक्षको ने बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए धरना दिया और रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम भजन का गायन करते हुए उपवास भी किया। धरने के बाद धरने के पश्चात सभी शिक्षक हजारेश्वर पार्क में एकत्रित हुए और सरकार की तानाशाही नीतियों के विरोध में आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श किया।

धरना के दौरान रामचरित रावत, आजाद मोहम्मद, जगदीश प्रसाद शर्मा, रामसिंह जाट, बृजेश शर्मा, गिर्राज सिंह जाट, राजेंद्र रावत, चरणजीत सिंह खेड़ा, मधुसूदन राठौर, दिनेश साहू राजेंद्र तोमर, रविंद्र तोमर, अनंतराम मीणा, हसन खान, विष्णुकांत शर्मा, रामसिंह रावत, हेमंत माझी रमेश शर्मा, संतोष शर्मा सहित बड़ी संख्या में अध्यापक शिक्षक उपस्थित रहे।बता दें कि 27 सितंबर से भोपाल के नीलम पार्क में संभागवार अनवरत धरना जारी है।

कॉलेज में स्वच्छता अभियान व गांधी-शास्त्री जयंती पर की परिचर्चा



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, श्योपुर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान एनसीसी एवं एनएसएस के विद्यार्थियों ने श्रमदान करते हुए महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता में सहभागिता की तथा स्वच्छता एवं स्वच्छ परिसर का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, अनुपयोगी सामग्री को हटाने के लिए भी श्रमदान किया। इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, विचारों और आदर्शों पर परिचर्चा का आयोजन भी किया गया, जिसमें 47 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। परिचर्चा में प्राचार्य डॉ. ओ.पी. शर्मा, एनसीसी प्रभारी अरविंद दोहरे, एनएसएस प्रभारी प्रेमचंद एक्का, सेवा संकल्प अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. भूपेंद्र हरदेनिया एवं डॉ. लोकेंद्र सिंह जाट ने गांधीजी एवं शास्त्रीजी के जीवन-मूल्यों, राष्ट्रसेवा, स्वच्छता, अनुशासन, सादगी एवं कर्तव्यनिष्ठा पर अपने विचार व्यक्त किए।

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दियाधरी निवासी रचना साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अंकित साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खैराई निवासी लल्लू धानक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामबली यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रमपुरा पिपरिया निवासी सरबजीत सिंह सिक्ख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गुर्जेन्ट और गुरूपेज सिंह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

मकान के सेप्टिक टैंक में डूबने से 4 वर्षीय बालक की मौत

अशोकनगर। जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत बहेरिया निवासी रोशन पुत्र धनवीर लोधी उम्र 40 साल जब निर्माणाधीन मकान के सेप्टिक टैंक के पास था तभी वह पानी में गिर गया। जिससे डूबने से मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

अवैध शराब के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। कोतवाली पुलिस ने यादव कॉलोनी निवासी शिवचरण आदिवासी के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार जेल के पीछे निवासी अशोक अहिरवार के पास से 4 लीटर और सोनू प्रजापति के पास से भी 4 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है तथा त्रिलोकपुरी कॉलोनी निवासी जोधाराम लोधी के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की गई है।

छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 2 वर्ष का सश्रम कारावास

अशोकनगर। विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) जिला अशोकनगर द्वारा 1 अक्टूबर को निर्णय पारित करते हुये नाबालिग बालिकाओं का पीछा कर छेड़छाड़ करने वाले आरोपी राकेश पुत्र पर्वतसिंह अहिरवार को 02 वर्ष के सश्रम कारावास एवं कुल 3000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से अभियोजन संचालन सहायक निदेशक अभियोजन संजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में विशेष लोक अभियोजक यशपाल सिंह यादव द्वारा किया गया। मीडिया सेल प्रभारी जिला अभियोजन संवालनालय द्वारा बताया गया कि अभियोजन संक्षेप में इस प्रकार है कि धाना आकर पीड़ाति ने एक लेखीय आवेदन प्रस्तुत कर यह बताया कि 17/03/2025 को दोपहर करीबन 03 बजे की बात है वह तथा उसकी छोटी बहन प्रतिदिन की तरह पास के नल पर पानी भरने जा रहे थे। जैसे ही वे दोनों बहने रास्ते में सुनसान जगह पर पहुंचे तो आरोपी राकेश अहिरवार पुत्र परवत सिंह अहिरवार ने रास्ते में उससे छेड़ छाड़ की। वह और उसकी बहन जब चिल्लाये तो आरोपी ने उन्हें धमकी दी कि यदि उसने किसी को भी घटना के संबंध में बताया तो दोनों बहनों को जान से खत्म कर देगा। इससे पूर्व भी आरोपी द्वारा 15/03/2025 के दिन करीबन 12 बजे जब वह पानी भरने जा रही थी तब भी उसका पीछा कर रहा था और फिर दिनांक 22/03/2025 को शाम करीबन 04 बजे वह व उसकी बहन दोनों पास के नल पर पानी भरने जा रहे थे तो दोनों को राकेश अहिरवार फिर से उसी सुनसान जगह पर उनका पीछा करते करते आपा और उनका रास्ता रोककर बुरी नियत से उसे सामने से पकड लिया। जब वह तथा उसकी बहन चिल्लाये तो राकेश अहिरवार वहां से भाग गया। शाम को जब उसके मम्मी पापा मजदूरी करके वापस आ गये थे तो उन्होंने उन्हें उनके साथ हुई घटना के संबंध में बताया। पीडित्ता के आवेदन पर से आरोपी के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। उक्त मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय द्वारा यह सजा सुनाई गई है।

जिले के कई तालाब खाली, आने वाले दिनों में बढ़ सकती है मुसीबत

अशोकनगर और ईसागढ में वर्षा की कमी से सूखे की आशंका!

अशोकनगर की जनता को अमाही के तालाब से पीने के लिए पानी मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले से मानसून की विदाई लगभग तय मानी जा रही है, इस बार जिले के अशोकनगर और ईसागढ़ विकासखण्ड में पानी की कमी से सूखे की स्थिति निर्मित हो गई है। यह दोनों ही विकासखण्ड गत वर्ष के बराबर वर्षा तो दूर औषत आंकडे भी पार नहीं कर पाए हैं। अशोकनगर में 69 और ईसागढ में 71 प्रतिशत ही बारिस हुई है जिसके कारण इन दोनों विकासखण्डों में सूखे की स्थिति है। जिले के कई तालाब पानी की कमी से जूझ रहे हैं। अशोकनगर के अमाही तालाब में 23 फिट की जगह साढ़े उन्नीस फिट पानी आने से खेती की सिंचाई पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की गई है ताकि अशोकनगर शहर को जल संकट का सामना न करना पड़े।

अशोकनगर जिले में वर्षा की यह स्थिति निर्मित होगी किसी ने यह सोचा भी नहीं था, जून से लेकर सितंबर तक जो वर्षा काल की अवधि के पीक महीने होते हैं इन महीनों में बारिस तो हुई लेकिन रिमझिम बारिस हुई और खण्ड खण्ड बर्षा होती रही, जिसके कारण जलाशयों में पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं आया। जिले के चंदेरी और मुंगावली विकासखण्डों में वर्षा की अलग स्थिति रही, जबकि अशोकनगर और ईसागढ में वर्षा की स्थिति बेहद कमजोर रही, जिसका असर आने वाले दिनों में पड़ने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। जिससे रवि की फसल को लेकर सिंचाई के लिए किसानो को जल स्त्रोतों में पानी की कमी का सामना करना पड़ेगा।

जिले में औसत वर्षा का आकंड़ा 779.50 प्रतिशत पर थमा

अशोकनगर में वर्षा इस बार 592 मिलीमीटर हुई है जबकि गत वर्षा 1143 मिलीमीटर आज दिनांक तक वर्षा हुई थी, जो कुल वर्षा का 69.65 प्रतिशत है। यहां औसत वर्षा के रूप में 850 मिलीमीटर वर्षा की जरूरत होती है। इसी प्रकार ईसागढ़ में 630 मिलीमीटर वर्षा हुई है जो कुल वर्षा का 71.75 प्रतिशत है, जो गतवर्ष से 829 मिलीमीटर कम है, यहां औसत वर्षा 878 मिलीमीटर की जरूरत होती है, यह आंकड़ा भी इस बार पूरा नहीं हो पाया है। चंदेरी की बात करें तो चंदेरी में अब तक 956 मिलीमीटर वारिस हुई है जो 95.60 प्रतिशत है, यहां 1000 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है जो औषत वर्षा के आंकड़े के नजदीक है। मुंगावली में इस बर्ष अभी तक 940 मिलीमीटर वर्षा हुई यहां 800 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है जो कुल वर्षा का 117.50 प्रतिशत है, जिले के चारों विकासखण्डों को मिलाकर जिले में औसत वर्षा के रूप में 779,50 मिलीमीटर वर्षा हुई है। यहां 88.38 प्रतिशत वर्षा का कुल आंकड़ा सामने आया है।

कलेक्टर से मांग की है कि अमाही तालाब से नहर न खोली जाए

नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने बताया कि अमाही तालाब में साढ़े उन्नीस फिट पानी आया है इस तालाब की क्षमता 23 फिट है, यानी साढ़े तीन फिट पानी कम आया है। यह जल संसाधन विभाग का तालाब है इस तालाब से सिंचाई भी होती है और फरवरी के महीने में जब तालाब का जल स्तर 16 फिट रह जाता है तब पीने के लिए पानी बचाकर रखा जाता है और खेती की सिंचाई पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है लेकिन इस बार स्थिति पिछले वर्ष से अलग है, अगर खेती को पानी दिया गया और नहर खोली गई तो पीने के पानी का संकट पैदा होने की संभावनाएं तय हैं। इस संबंध में नपा अध्यक्ष ने कहा कि उनके द्वारा कलेक्टर और जल संसाधन के अधिकारियों से चर्चा की गई है और खेती के लिए नहर खोलने पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि अशोकनगर शहर के लिए राजघाट डेम से पानी लाने की योजना पर बड़ा काम किया जा रहा है और हमारा प्रयास है कि यहां के नागरिकों को राजघाट बांध से पानी उपलब्ध हो सके।

13 तालाब ही 100 प्रतिशत पानी से लबालब हुए

जल संसाधन विभाग के आंकड़ो के अनुसार अशोकनगर जिले में दो मध्यम और 31 लघु तालाब हैं जिनमें 100 प्रतिशत पानी 13 तालाबों मे आया है 90 से 99 प्रतिशत पानी 2 तालाबों में आया है और 75 से 90 प्रतिशत पानी एक भी तालाब में नहीं आया। 50 से 75 प्रतिशत पानी 4 तालाबों में आया है, 25 से 50 प्रतिशत पानी 8 तालाबों में आया है और 10 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक पानी 2 तालाबों में आया है जबकि 10 प्रतिशत से कम पानी के दो तालाब है।

ग्राम पंचायत भवन खैराघाट में आयोजन

समस्याओं के निराकरण के लिए नए प्रस्ताव पारित



हरिभूमि न्यूज ⏭ करैरा

करैरा जनपद की ग्राम पंचायत खैराघाट के पंचायत भवन में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती बड़े उत्साह, श्रद्धा और सादगी के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पंचायत कर्मचारियों और बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बापू के चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अनिता देवी, सचिव प्रमोद श्रीवास्तव, सहायक सचिव अजय शर्मा, उप सरपंच महेंद्र यादव, पंचायत के सभी सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। वक्ताओं ने गांधी जी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और ग्राम स्वराज के विचारों को आज के समय में भी उतना ही प्रासंगिक बताया। उन्होंने कहा कि गांव का सच्चा विकास तभी संभव है जब हर व्यक्ति आपसी भाईचारे के साथ विकास कार्यों में भागीदारी निभाए। ग्रामवासियों से स्वच्छता को आदत बनाने और बापू के आदर्शों को जीवन में उतारने की अपील की गई।

पंचायत भवन में ग्रामसभा की बैठक

गांधी जयंती के अवसर पर ही पंचायत भवन में ग्रामसभा की बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीणों ने क्षेत्र की समस्याएं खुलकर रखीं। जनप्रतिनिधियों और पंचायत अधिकारियों ने इन पर चर्चा की और उनके शीघ्र निराकरण पर जोर दिया। गांव के विकास से जुड़े नए प्रस्ताव भी बैठक में रखे गए। सभी सदस्यों और ग्रामवासियों की आपसी सहमति से प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक पूरी तरह सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। ग्रामवासियों ने पंचायत की इस पहल को सराहा और कहा कि ग्रामसभा के माध्यम से समस्याओं का समाधान लोकतंत्र को मजबूत करता है और गांव को विकास की राह पर आगे ले जाता है। अंत में ग्राम प्रधान अनिता देवी ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

चंदेरी पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता माह के तहत छात्रों को दिए गए सुरक्षा के मंत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

गुरूवार को नगर के चन्द्रभान सिंह पब्लिक स्कूल में यातायात जागरूकता माह के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित यातायात की आदतें विकसित करना था। कार्यक्रम में एस आई जोगिंदर यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा की पहली शर्त है। उन्होंने छात्रों को बताया कि तेज गति से वाहन चलाना, बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के ड्राइव करना और लाल बत्ती पार करना जीवन को जोखिम में डालने जैसा है। उन्होंने लाल बत्ती पर रुके, हरी बत्ती पर चलें और पीली बत्ती पर तैयार रहें का संदेश देते हुए कहा कि छोटे-छोटे नियम बड़े हादसों से बचा सकते हैं। साथ ही छात्रों को सड़क सुरक्षा के व्यावहारिक नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बस या ट्रेन से उतरते समय पीछे मुंह न करें, सड़क पार करते समय सावधानी बरतें, साइकिल हमेशा बाईं ओर।

गांधी जयंती पर नगर पालिका में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

स्वच्छता अभियान के तहत बीपीसीएल बीना रिफाइनरी ने नगर पालिका को दिए 8 कचरा वाहन, 100 डस्टबिन और 4 पानी के टैंकर





हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) बीना रिफाइनरी द्वारा गांधी जयंती पर शहर में स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद को 8 कचरा टिपर वाहन, 100 डस्टबिन एवं 4 पानी के टैंकर उपलब्ध कराए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक निर्मला सप्रे, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार, जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह ठाकुर एवं बीपीसीएल बीना रिफाइनरी के मुख्य प्रबंधक जयदीप पंसारे ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भाई नगर पालिका सीएमओ ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। जिसके बाद हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया गया। इस मौके पर विधायक निर्मला सप्रे ने कहा स्वच्छता केवल एक दिन तक ही सीमित न रखें। उन्होंने घर, गली, मोहल्ले और शहर के साथ विचारों में भी स्वच्छता की जरूरत बताई। बीपीसीएल बीना रिफाइनरी के मुख्य प्रबंधक जयदीप पंसारे ने कहा कि उपलब्ध कराए गए संसाधनों का उचित एवं जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग किया जाना आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से स्वच्छता व्यवस्था में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा यदि इन सुविधाओं का सही तरीके से उपयोग किया जाए और प्रत्येक व्यक्ति अपना सहयोग दे, तो हम सभी मिलकर बीना शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बना सकते हैं।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर केवल प्रशासन के प्रयासों से नहीं, बल्कि जनभागीदारी और प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी से ही संभव है। बीपीसीएल बीना रिफाइनरी द्वारा यह पहल स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामुदायिक विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैया, सभापति जितेंद्र बोहरे, सभापति भारती राय, पार्षद अजय सिंह ठाकुर, पार्षद बीड़ी रजक, राकेश बिलगैया, संजय सिंह ठाकुर, हरिओम चौबे, राजा बाबू यादव, संतोष कुशवाहा, शशि कुशवाहा, अंकिता किंग, रिफाइनरी से हरिओम मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा बैठक में प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर द्वारा निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासन के निर्देशानुसार जिले 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 में ''सेवा संकल्प अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत निर्धारित गतिविधियां एवं कार्यक्रमों का जिले में प्रभावी रूप में क्रियान्वयन किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर साकेत मालवीय ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में किए जा रहे कार्यों एवं अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर मालवीय ने संबंधित अधिकारियों से अभियान के अंतर्गत अब तक की गई गतिविधियों, विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने 02 अक्टूबर को स्वच्छता तथा प्लॉस्टिक मुक्त अभियान चलाये जाने तथा संकल्प का वाचन कराये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

माधवराव सिंधिया की 25वीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

माधवराव सिंधिया की 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मुंगावली में विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में भाजपा मंडल महामंत्री रामबाबू दुबे के नेतृत्व में सिविल अस्पताल, मुंगावली में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। शिविर के दौरान रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से 12 यूनिट रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने माधवराव सिंधिया के सार्वजनिक जीवन और उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद करते हुए उनके सेवा भाव से प्रेरणा लेने की बात कही।



नगर गौरव ब्रह्मचारी अमन भैया की निकाली गई बिनौली यात्रा

जैन विमानोत्सव में 100 साल बाद नए रथ पर नगर भ्रमण को निकलेंगे श्रीजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली



100 साल बाद नगर में नए रथ पर श्रीजी नगर भ्रमण को निकलेंगे हर वर्ष की भांति इस बार भी जैन विमानोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें इस बार नगर के शीतलनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के विमान जी निकाले जा रहे हैं जिसमें बीना से संदीप भैया सरल के मार्ग दर्शन में सारे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सुबह श्रीजी को 100 साल बाद नए रथ पर विराजमान कर पुराना बाहर से श्रीजी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए नगर परिषद परिसर में पहुंचेगी जहां श्रीजी का अभिषेक,शांतिधारा की जाएगी और मुख्य पात्रों का चयन बोली के माध्यम से किया जाएगा। वही इसके अलावा इस बार विमानोसत्व में इंदौर से आए बैंड द्वारा की जाएगी वही सागर से शहनाई ओर चाचड की प्रस्तुति दी जाएगी। हर बर्ष की भांति इस बार नगर का वीर सेवा दल का दिव्य घोष भी अपनी सहभागिता करेगा, वही रात्रि में दिल्ली से आए कलाकारों द्वारा स्वार्थ का संसार ओर सती मेना नाटक का मंचन किया जाएगा।

नगर गौरव ब्रह्मचारी अमन भैया की निकाली गई भव्य बिनौली यात्रा

जगत पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज के संघ में शामिल हुए ओर नगर का गौरव बने ब्रह्मचारी अमन भैया की भव्य बिनौली यात्रा निकाली गई जिसमें यह बिनौली यात्रा नगर के स्टेशन रोड स्थित श्रीचंद्र प्रभु जिनालय से निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए नगर के संत निवास पहुंची जहां गोद भराई की रस्म की गई,दोपहर में मेंहदी की रस्म का आयोजन किया गया।

एसडीएम ने गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं से किया सीधा संवाद

सेवा संकल्प अभियान के तहत कैरियर काउंसलिंग कौशल व वोकल फॉर लोकल कार्यक्रम आयोजित





बीना। शासकीय कन्या महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान–2026 के अंतर्गत कैरियर काउंसलिंग कौशल विकास एवं वोकल फॉर लोकल विषय पर जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम डॉ एमएन श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सोनाली जितेंद्र राय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम आशीष कुमार (आईएएस) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीतू राय, नम्रता ताम्रकार, जनभागीदारी समिति के सदस्य ब्रजपाल सिंह राजपूत एवं गोविंद तिवारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय की वे पूर्व छात्राएं भी विशेष रूप से शामिल हुईं, जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता अर्जित की है। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम आशीष कुमार (आईएएस) ने छात्राओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने छात्राओं के कैरियर से जुड़े प्रश्नों को सुना और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, लक्ष्य निर्धारण, अध्ययन की रणनीति तथा कैरियर निर्माण से संबंधित सवालों के सरल एवं उपयोगी उत्तर दिए। जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष सोनाली राय ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कैरियर के विभिन्न विकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्रा को अपनी रुचि, क्षमता और प्रतिभा के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और उपलब्ध अवसरों का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीतू राय ने वोकल फॉर लोकल की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को स्थानीय उत्पादों, कारीगरों एवं उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों के उपयोग और प्रचार से स्थानीय स्तर पर रोजगार तथा आत्मनिर्भरता के अवसरों को बढ़ावा मिल सकता है।